आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

अनुराग ठाकुर

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार का कार्यकाल असाधारण रहा है और इस दौरान पिछले दस वर्ष में देश में सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ। अनुराग ठाकुर ने आज चेन्नई में मीडिया से बातचीत में कहा कि एनडीए शासन में लागू योजनाओं से समाज के सभी वर्गों के लोगों को फायदा हुआ है और आर्थिक वृद्धि उच्च स्तर पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मछुआरों के कल्याण के लिए भी अनेक योजनाएं लागू की हैं।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 15 महीने के कार्यकाल में अपनी पांच गारंटियों को पूरा किया है। धर्मशाला में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा सहित आर्थिक व राजनीतिक आपदा का सफलतापूर्वक सामना किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने बिकाऊ नेताओं को अपना प्रत्याशी बनाया है और प्रदेश की जनता इन सभी बिकाऊ नेताओं को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और जल्द ही पार्टी हाईकमान द्वारा प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा नेता राज्य में सरकार बनाने के झूठे दावे कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए जारी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा और देश को विभाजन की कगार पर लाने वाला करार दिया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जाति व धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम करती है और घोषणा पत्र में जातिगत मतगणना के जिक्र से इस बात की पुष्टि होती है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में झूठी गारंटियों का पुलिंदा प्रस्तुत किया, इसी तरह अब लोकसभा चुनाव के लिए भी झूठे दावे किए जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश के विकास, गरीब कल्याण, युवा उत्थान और भारत को दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के चुनाव सहित 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नाम पर दिल्ली में को–आर्डिनेशन कमेटी की बैठक में चर्चा हुई है। दिल्ली से लौटने के बाद शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से केबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चुनावी मैदान में उतारने को लेकर पार्टी विचार कर रही है और प्रदेश के सभी पार्टी नेताओं ने इस पर सहमति व्यक्त की है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि हालांकि विक्रमादित्य सिंह का नाम अभी फाइनल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को टक्कर देने के लिए युवा नेता की आवश्यकता है और विक्रमादित्य सिंह यूथ आइकन ऐसे में क्षेत्र के युवा उनके साथ जुड़ेंगे।

जयराम

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने अपने नेताओं व विधायकों की अनदेखी की है जिस कारण उन्हें पार्टी छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पर भाजपा द्वारा बागियों को उकसाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ये सभी वरिष्ठ नेता हैं और कांग्रेस की अनदेखी के चलते ही भाजपा में शामिल हुए हैं और भारतीय जनता पार्टी इन्हें पूरा मान सम्मान दे रही है।

महेश्वर सिंह

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में एकजुट होकर प्रचार करने का आह्वान किया है। कुल्लू में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करना है। महेश्वर सिंह ने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में अधूरे कार्यों को पूरा करवाना उनकी प्राथमिकता है और केंद्र सरकार ने इस संबंध में उन्हें आश्वासन भी दिया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

आबकारी विभाग

राज्य कर व आबकारी विभाग के आयुक्त युनुस ने बताया है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से विभाग की विभिन्न टीमों द्वारा अब तक कुल दो लाख 40 हज़ार 4 सौ 38 लीटर शराब जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में टास्क फोर्स टीमों और उड़नदस्तों का गठन किया है और राज्य में विभाग की 59 टीमें काम कर रही है। युनुस ने बताया कि विभाग की विभिन्न टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों व प्रदेश की भीतर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।